संख्या- 8 /1643/26-3-2013

प्रेषक,

सुनील कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 22 अक्टूबर, 2013

विषय- शैक्षणिक संस्थाओं को वेबसाइट http://scholarship.up.nic.in पर छात्र/छात्राओं के आनलाइन डाटा सत्यापन हेतु लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत शैक्षणिक वर्ष 2013-14 हेतु पात्र छात्र/छात्राओं से आनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि उनके बैंक खातों में जनपद कोषागार से ई-पेमेन्ट प्रक्रिया के तहत NEFT/RTGS से अन्तरित किया जाना है।

आनलाइन आवेदन करने तथा सम्बन्धित शैक्षणिक संस्थाओं के द्वारा पात्र छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र के विवरण को http://scholarship.up.nic.in वेबसाइट पर संस्थान लागिन करके आनलाइन सत्यापन करना होगा। शैक्षणिक संस्थानों के द्वारा लागिन आई0डी0 और पासवर्ड के माध्यम से उक्त सत्यापन का कार्य सम्पादित किया जा सकेगा। जनपद के समस्त दशमोत्तर शैक्षणिक

http://shasanadesh.up.nic.in

संस्थानों को लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा शैक्षणिक संस्था के प्रमुख या नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा उक्त लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड जनपद के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र से प्राप्त करेंगे। समस्त शैक्षणिक संस्थान प्रथम बार लागिन करने के उपरान्त पासवर्ड परिवर्तित कर लेंगे। शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी से लिखित रूप से निर्धारित प्रारूप पर अनुरोध करना होगा तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी उनको लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड प्राप्ति स्वरूप निर्धारित प्रारूप (प्रति संलग्न) पर संस्थान से प्राप्ति रसीद भी प्राप्त कर कार्यालय में सुरक्षित रखेंगे।

अत: आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि जनपद की एन0आई0सी0 के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से तत्काल संस्थावार लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड प्राप्त कर समस्त दशमोत्तर शैक्षणिक संस्थाओं को 03 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे उनके द्वारा पात्र छात्र/छात्राओं के डाटा का सत्यापन समय से पूर्ण किया जा सके।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(सुनील कुमार)

प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

पृ0सं0/ 1643/26-3-2013, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को समस्त डी0आई0ओ0 एन0आई0सी0 को संस्थावार लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने हेतु।
2. निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. पिछड़ा वर्ग कल्याण उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(सुनील कुमार)

प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

शैक्षणिक संस्थान के द्वारा लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

सेवा में,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,

जनपद ----------।

विषय **दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु पात्र छात्र/छात्राओं के आनलाइन डाटा सत्यापन हेतु शैक्षणिक संस्था को लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महोदय,

शैक्षणिक वर्ष 2013-14 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु पात्र छात्र/छात्राओं के द्वारा वेबसाइट http://scholarship.up.nic.in पर आनलाइन आवेदन पत्र भरा जा रहा है। इन अभ्यर्थियों के आनलाइन आवेदन की प्रविष्टियों का सत्यापन शैक्षणिक संस्थान द्वारा आनलाइन ही किया जाना है।

कृपया आनलाइन डाटा सत्यापन करने हेतु लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे छात्र/छात्राओं के डाटा का आनलाइन सत्यापन किया जा सके।

भवदीय,

हस्ताक्षर ----------

नोडल अधिकारी/प्राचार्य/

संस्था प्रमुख का नाम ----------

संस्थान का नाम व पता ----------

मोबाइल नंबर ----------

संस्थान की मुहर व दिनांक ----------

http://shasanadesh.up.nic.in

लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड प्राप्ति रसीद

दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु शैक्षणिक वर्ष 2013-14 में छात्र/छात्राओं के आनलाइन डाटा सत्यापन हेतु आज दिनांक ---------- को जिला समाज कल्याण अधिकारी, जनपद ---------- से संस्थान लागिन हेतु लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड प्राप्त किया।

हस्ताक्षर-

शिक्षण संस्था के नोडल अधिकारी/प्राचार्य/

संस्था प्रमुख का नाम ----------

शिक्षण संस्था का नाम व पता ----------

मोबाल नंबर----------

संस्थान की मोहर ----------

http://shasanadesh.up.nic.in